# अभ्यास ब्राइट स्टार 2025

## चर्चा में क्यों?

रक्षा मंत्रालय ने घोषणा की है कि भारतीय सशस्त्र सेनाओं तथा मुख्यालय समन्वित रक्षा स्टाफ के 700 से अधिक कर्मी 28 अगस्त से 10 सितंबर, 2025 तक आयोजित होने वाले बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास *'??????? ??????'* में भाग लेंगे।

- यह अभ्यास **मिस्र द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोग से** आयोजित किया जा रहा है, जिसमें भारत सहित अनेक देश भाग ले रहे हैं।

## मुख्य बिंदु

- **ब्राइट स्टार अभ्यास के बारे में:**
  - यह अभ्यास वर्ष 1980 से संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोग से मिस्र द्वारा आयोजित एक **द्विवार्षिक बहुपक्षीय सैन्य अभ्यास** है।
  - यह क्षेत्र के सबसे बड़े त्रि-सेवा बहुपक्षीय अभ्यासों में से एक है। इस अभ्यास का पिछला संस्करण वर्ष 2023 में हुआ था, जिसमें भारत सहित कई देशों ने भाग लिया था।
- **गतिविधियाँ और विशेषताएँ:** इस अभ्यास में सैन्य गतिविधियों की एक व्यापक शृंखला शामिल होगी, जिसमें शामिल हैं:
  - **लाइव फायरिंग अभ्यास:** भारतीय सेना, भारतीय नौसेना और भारतीय वायु सेना की परिचालन क्षमताओं का प्रदर्शन।
  - **कमांड पोस्ट अभ्यास:** भाग लेने वाले बलों के बीच संयुक्त योजना, निर्णय-लेने और परिचालन समन्वय को बढ़ाने के लिये विकसित किया गया।
  - **लघु प्रशिक्षण अभ्यास:** आधुनिक युद्ध के विभिन्न पहलुओं पर केंद्रित, जिन्हें तीनों सेनाओं द्वारा आयोजित किया जाएगा।
  - **विशेषज्ञों से संवाद:** समकालीन सैन्य अभियानों के विविध क्षेत्रों के विशेषज्ञों के साथ चर्चा और सहयोग किया जाएगा।
- **महत्त्व:**
  - भारत की *'**ब्राइट स्टार 2025**'* में भागीदारी क्षेत्रीय शांति, स्थिरता और सुरक्षा के प्रति उसकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।
  - इस अभ्यास का उद्देश्य भारतीय सशस्त्र सेनाओं और मित्र राष्ट्रों की सेनाओं के बीच **सामरिक एकीकरण, पारस्परिक सहयोग** तथा **अंतर-संचालन** को सुदृढ़ करना भी है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/exercise-bright-star-2025